तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 नक्सलवाद के खात्मे के साथ रोजगारमूलक व ...



14 सरगुजा आयुक्त ने के मावा मोदोल लाइब्रेरी ...



## खबर संक्षेप



### कोड़ेकुर्से बाजार में पहुँचेगा टैंकर पानी

**दुर्गूकोंदल।** कोड़ेकुर्से ईलाके के गर्मी के चलते नदी व नाले सूख गए हैं साथ ही नल, हैंडपंप एवं बोर सबका जलस्तर कम होने से पानी नहीं मिल पा रहा है। इस क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार कोडेकुर्से का होता है इस पर कई गांव आश्रित तथा निर्भर रहते है । यहाँ पर बाजार बुधवार को लगता है, जिससे आसपास गाँव के लोगों को पीने के पानी की दिक्कत होती थी। इसकी जानकारी मिलने पर इस क्षेत्र की जनपद सदस्य अमृत चमर सिंह कोटिंगला ने प्रत्येक बुधवार को एक टैंकर पानी उपलब्ध करवाने का वादा किया और बाजार में आने वालों को पानी मिलने लगा है, लोगों ने राहत की सांस लिया।

### राऊरवाही की ग्राम सभा में विकास योजनाओं पर चर्चा



**दुर्गूकोंदल।** राऊरवाही पंचायत भवन में सरपंच बलराम टेपारिया की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्ध और विधवा पेंशन, सड़क, नाली, नलजल योजना, पेयजल और अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की गई। उपसरपंच तीजनबाई गावड़े पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। सभा में सचिव भरत निषाद, मोहन तारम,डिकेश साहू, नरेश कोमरा, कुलेश कोमरा, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शादी में युवक की पिटाई पुलिस विवेचना में जुटी



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम कुरूटोला में कुछ युवको ने शादी में अन्य युवक का रास्ता रोककर हाथ-मुक्का व लाठी से मारपीट किया। मारपीट का शिकार हुए युवक ने घटना की शिकायत चारामा थाना में किया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। चारामा थाना पहुंचे पण्डरीपानी निवासी 23 वर्षीय इन्द्रदेव जुर्री पिता रायसिंग शेष पेज 12 पर

जांच : विधायक विक्रम उसेंडी के कोयलीबेड़ा प्रवास पर मामला उजागर हुआ

# पुल निर्माण में लापरवाही, ठेकेदार व सेतु निगम के अधिकारियों को विधायक ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विभाग ने पुल बनाने का 15 माह का दिया था समय, 34 माह में नहीं बन पाया
- अफसरों की लापरवाही के कारण ठेकदार ने समय पर पूरा नहीं किया काम
- पुल नहीं बनने से दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोगों को उठानी पड़ी रही दिक्कत



कोयलीबेड़ा प्रवास पर पहुँचे अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी को ग्रामीणों ने बताया कि कई साल से पुल बन रहा है, परंतु कार्य में गति नहीं है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक पुल के निर्माण स्थल पर पहुँचे और निर्माण कार्य को सयम पर पूरा नहीं करने पर सेतु निगम के अधिकारियों और ठेकेदार को फोन पर बात करते हुए फटकार लगाया और जल्द पुल को पूरा करने कहा। उन्होने कहा कि कई गाँव के लोग पुल बनने से परेशान है, ठेकेदार काम शुरू नहीं करता है तो उसे ब्लैक लिस्टेड के लिए अनुशंसा किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा प्रवास पर 16 अप्रैल को अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी पहुँचे और कोयलीबेड़ा के ग्रामीणों की माँग पर निर्माणधीन पुल का निरीक्षण करने पहुँचे। ग्रामीणों ने बताया कि इसका निर्माण आज तक पूरा हो जाना चाहिए था, परंतु अधिकारी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने संबंधित विभाग सेतु निगम के आला अफसरों से बात किया और फटकार लगाते हुए कहा कि इस कार्य को जल्द पूरा करवाएं, अन्यथा आपके खिलाफ कार्यवाही होना तय है, इसके अलावा ठेकेदार को भी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य को जल्द पूरा करें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। विधायक के



फटकार लगाने पर अधिकारी व ठेकेदार में हडकंप भी मच गया। उन्होने कहा कि विगत डेढ़ साल से इस क्षेत्र में किसी भी तरह से काम करने में किसी को कोई दिक्कत नहीं है, उसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। विधायक के साथ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल कार्यकर्तागढ़ निवर्तमान मंडल अध्यक्ष दिनेश आचले, पुर्व मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री नारद कौशल शेष पेज 12 पर

### निर्माण अवधि की समय सीमा डबल हुई फिर अधूरा

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम दूटा मार्ग के किमी 1 बाई 4 मार्ग के मेढ़की नदी पर पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य का सेतु विभाग से 2 जून 2022 को को ठेकेदार ने अनुबंध किया था और इसे 2 सितंबर 2023 को पूरा करके देना था। ठेकेदार को 15 माह में पुल निर्माण करके देना था। विभाग के अफसरों की लापरवाही के चलते ठेकेदार 34 माह बाद भी पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाया। ठेकेदार और अफसरों के इस रवैया से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना था कि तत्कालीन विधायक अनूप नाग के संज्ञान में लाया गया था, परंतु उन्होने गंभीरता नहीं दिखाया।

### दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोग हैं परेशान

सेतु निगम के द्वारा निर्धारित समय पर पुल नहीं बनाए जाने से दो दर्जन से ज्यादा गांव के आलपरस, आलपर, गुंदुल, मर्राम, पानीडोबीर, जुगडा, चिलपरस, हेटाडकसा, गुड़ाबेड़ा, कागबरस, केसेकोडी, संबलपुर, गुटाकच्छार, मरकानार, दुटापारा, गट्टाकाल, बोगान, मिणचेपारा, मिचेबेडा, बड़पारा, गोमे, आदनार, मलमेटा के ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों ने विधायक विक्रम उसेंडी का जानकारी दिया, उसके उपरांत निरीक्षण कर अफसरों को फटकार लगाया है। हमारी माँग है कि इस पुल का निर्माण जल्द कर दिया जाए, जिससे बारिश के दौरान आने जाने में दिक्कत का सामना करना नही पड़े।

# लाइनिंग एवं फर्शीकरण कार्य घटिया किसानों ने विधायक से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

- विधायक ने कार्यस्थल का किया निरीक्षण, ठेकेदार को लगाई फटकार

दुधावा बांध के नीचे दांई तट नहर में बन रहे लाइनिंग एवं फर्सीकरण कार्य में अनियमितता को लेकर क्षेत्र के दौरे पर पहुँचे विधायक आशाराम नेताम को ग्रामीणों ने शिकायत किया। ग्रामीणों की माँग पर विधायक ने कार्यस्थल का निरीक्षण भी किया। विधायक आशाराम नेताम ने कार्य स्थल का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने की समझाइश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि दुधावा क्षेत्र के किसानों को रवि फसल के लिए दांई तट नहर का निर्माण किया गया था, लेकिन नहर से किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा था । लंबे अरसों बाद किसानों की मांग पर 27 किमी. नहर में लाइनिंग व फर्सीकरण कार्य प्रारंभ हुआ जिसमें ठेकेदार के मनमानी के चलते गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हो रहा था। ग्राम देवडोंगर, शामतरा, भिरौद, कापसपोटी, खजरावन, अभनपुर के किसानों ने बताया कि यह कार्य गुणवत्ताहीन हो रहा है। मिट्टी की ठीक से धसाई नहीं हो रहा है तथा मुरुम के जगह मिट्टी डाला जा रहा है, इससे बारिश में पूरी तरह नीचे दब जाएगा और क्षतिग्रस्त हो जाएगा, जिससे किसानों को नुकसानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों ने विधायक को बुलाकर मौका पर मुआवना करके कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने की माँग किया था। विधायक ने ठेकेदार पीयूष देवांगन को जमकर फटकार लगाई और कहा कि ग्रामीणों के द्वारा जो शिकायत किया जा रहा है, उसे दुरस्त करें, अन्यथा नियमानुसार आपके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। विधायक ने इस कार्य की मानीटरिंग कर रहे संबंधित अधिकारी को भी ठीक कार्य कराने के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया एवं बड़ी संख्या में दुधावा क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### ईडी के दुरुपयोग पर कांग्रेस ने पुतला फूंका एवं किया विरोध

**कांकेर।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक विद्वेषवश सत्ता के ताकत का दुरुपयोग करते हुए केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा



केंद्रीय कार्यालय डाकघर के सामने विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री नरेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग कर रही है। मोदी सरकार ईडी का दुरुपयोग विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए कर रही है जो शेष पेज 12 पर

### इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज के दौरान 30 वर्षीय दिनेश कुमार सलाम का 10 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल से बिना नंबरी मर्ग डायरी कोरर थाना में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया।

## भुईगांव में रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त चेन माउंटेन मशीन को विभाग ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर /चारामा

- दो चेन माउंटेन से हो रही थी खुदाई पर एक चालक मशीन लेकर फरार
- खनिज विभाग ने जब्त चेन माउंटेन को किया सील, सुपुर्दगी में दिया



विकासखंड चारामा के भुईगांव में दो चैन माउंटेन लगाकर नियमों को ताक में रखकर अवैध रेत निकालने का खेल चल रहा था, जिसकी एक सप्ताह से लगातार शिकायत हो रही थी। पावरपुल नेता का संरक्षण होने के कारण कार्यवाही नहीं हो पर रही थी। दो दिन पहले भाजपा नेताओं ने चैन माउंटेन से रेत की खुदाई और परिवहन पर कार्यवाही करने की बात उठाई थी, इसके अलावा हरिभूमि ने भी भुईगांव में नियमों को ताक में रखकर चैन माउंटेन से रेत उत्खनन का मुद्दा उठाया था। अंततः एसडीएम और तहसीलदार पहुँचकर एक चैन माउंटेन के चालक को अपने साथ ले गए थे, वहीं पर खनिज विभाग के अमले ने एक चैन माउंटेन को सील किया, वहीं दूसरी चैन माउटेंन गायब हो गई। जानकारी के अनुसार भुईगांव खदान में दो चैन माउंटेन लगाकर दिन और रात में नियमों को ताक में रखकर पावरफुल नेता के संरक्षण में यह खेल चल रहा था। मचांदुर में हुए विवाद के बाद भाजपा नेताओं ने चैन माउंटेन से रेत की खुदाई पर आपत्ति जताया था। इसके बाद भी भुईगांव में यह खेल अनवरत चल रहा था। पावरफुल नेता का संरक्षण होने के कारण बयानबाजी देने वाले भी खुलकर सामने नहीं आ रहे थे। हरिभूमि ने भुईगांव के मामले को उठाया वहीं अन्य मीडिया में इस मामले को शोसल मीडिया में वायरल होने के उपरांत एसडीएम और तहसीलदार 16 अप्रैल को मौके पर पहुँचे। इस दौरान एक चैन माउंटेन थी, जिसके आपरेटर को अपने साथ ले गए। खनिज विभाग में संलग्न नगर सैनिक मौके पर पहुँचकर एक चैन माउंटेन को सील किया और क्षेत्र का आसपास निरीक्षण किया, परंतु वहाँ पर दूसरी चैन माउंटेन नहीं मिली। जानकारों का कहना था कि दो दिनों से दो चैनमाउंटेन शेष पेज 12 पर

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम आने वालों को किया गया पुरस्कृत

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय सम्मान समारोह गायत्री शक्तिपीठ कांकेर में हुआ, जिसमें राज्य, जिला एवं विकास खंड स्तर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ उनके नैतिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक गुणों के विकास में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मील का पत्थर साबित हो रहा है।



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रांतीय संयोजक रामपाल तिवारी ने बताया कि छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ उनके नैतिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक गुणों के विकास में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परीक्षा में भागीदारी करने वाले छात्र अन्य छात्रों की तुलना में अधिक अनुशासित एवं मानवीय मूल्यों के विकास में अधिक सक्षम होते हैं। जिला समन्वयक जगदीश शोरी ने पुरूस्कृत छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला संयोजक हरिश लोचन ठाकुर ने कहा कि प्रतिवर्ष परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, इसके साथ ही नए नए विद्यालय भी जुड़ रहे हैं। बीईओ केजूराम सिन्हा ने कहा कि बच्चों में संस्कृति और संस्कार की शिक्षा का बोध कराने में गायत्री परिवार अहम भूमिका निभा रहा है। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को परीक्षा में बैठने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे।

कार्यक्रम में सबसे अधिक छात्र छात्राओं की भागीदारी करने वाले विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर पर प्रथम स्थान हासिल किए विद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य को भी साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी बिसेलाल कोड़ोपी, अवध साहू, जगदीश साहू, डॉ. अशोक कुमार नाग युवा प्रभाग गायत्री परिवार, समस्त ब्लाक समन्वयक, गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### कमिश्नर लेंगे अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों के संबंध में संभागीय स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 17 अप्रैल को समय 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में एजेण्डा की अद्यतन जानकारी के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### 6 दिवसीय अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के नेतृत्व मे प्राचार्य विनीता बेंजामीन के संचालन में प्रभारी अटल टिंकरिग गीता मूर्ति के देखरेख मे छह दिवसीय अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें ब्रीफ इंट्रोडक्शन, अबाउट आर्डिनो प्रोगामिंग, थ्री डी प्रिंटर, आटोमेटीक डोर, रेन ड्राप सेंसर, स्मार्ट डस्टबिन, ब्लूतूथ कार का निर्माण किया गया। जिससे बालकों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं विज्ञान के प्रति लगाव उत्पन्न हुआ। जिसके दूरगामी परिणाम उनके जीवन को वैज्ञानिक सोच से भर कर विज्ञान के लिये एक उचित माहौल तैयार करेगा। इस अवसर पर व्यख्याता अनिल शुक्ला द्वारा वैज्ञानिक सोच पर आधारित कविता का पाठ किया गया, जिसका जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने प्रशंसा किया। इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ एवम प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### कुंए में गिरे 3 डॉग को बाहर निकाला गया

**जगदलपुर।** वृंदावन कॉलोनी के एक कुंए में एक डॉग और उसके दो बच्चे गिरे होने की सूचना पर जिले के बचाव दल रवाना किया गया। बचाव दल द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर गहरे कुएं में गिरे डॉगी और उसके बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल कर मालिक के सुपुर्द किया गया।

### हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा शत-प्रतिशत आवास : शर्मा

**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम पंचायत हल्बा कचोरा के आश्रित ग्राम शासन कचोरा में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत सर्वे किया, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों के घरों का सर्वेक्षण कर उन्हें आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कई घरों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पात्र सभी व्यक्तियों को जल्द ही आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा, अब सरकार ने आवास योजनाओं का दायरा बढ़ा दिया है। जो भी पात्र हैं, उन्हें शत-प्रतिशत आवास मिलेगा। ग्राम की हितग्राही दुलारी भारती, ब्रुदावती भारती और प्रतिमा बघेल ने उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान प्रतिमा बघेल के 7 वर्षीय पुत्र यूस बघेल ने मोबाइल से क्लिक कर सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। हितग्राही प्रतिमा बघेल, पति गुड्डूराम बघेल, दुलारी भारती, पति भरत भारती और ब्रुदावती भारती, पति धनेश्वर भारती तीनों परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं और वर्षों से अपने पक्के घर के सपने को साकार करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री सर्वे कर अब अपने जल्द ही उनके सपनों के घर की उम्मीद और विश्वास दिलाया।

# रेत की अवैध तस्करी को रोकने में प्रशासन फेल, हो रही अंतरज्यीय तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिला मुख्यालय से महज चंद किलोमीटर दूरी पर अवैध रेत तस्करी का गोरखधंधा चल रहा है। जहां पर अवैध खनन का सिलसिला धड़ल्ले से जारी है। सरेआम हो रहा ये अवैध रेत खनन ना सिर्फ प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करता है, बल्कि पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के लिए गंभीर खतरे को आमंत्रित भी कर रहा है।

तस्कर बीते कुछ महीनों से ग्राम मसोरा के पास की नारंगी नदी से रेत निकल रहे हैं और ग्राम चिलपुटी के पास मुलमुला वन परिक्षेत्र के वनों में भंडारण कर रहे हैं, ताकि किसी की नजर न पड़े और पूरी रात ट्रकों के जरिए पड़ोसी राज्य उड़ीसा में रेत की तस्करी करते हैं। तस्करी की यह समस्या न केवल स्थानीय समुदाय के लिए खतरा बन रहा है बल्कि राज्य के लिए भी चिंता का विषय बन चुकी है। इससे पर्यावरणीय असंतुलन के अलावा राज्य के खनन नियमों का घोर उल्लंघन हो रहा है, स्थानीय ग्रामीण जल्द से जल्द इस अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जिला मांग कर रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, तस्करों द्वारा रेत खनन के बाद जंगलों में बड़े पैमाने पर छिपाया जाता है। इसके बाद रात के समय ट्रकों के माध्यम से उड़ीसा भेजा जाता है, जहां इसे अधिक दाम पर में बेचते है। रात में रेत से भरी दो दर्जन से अधिक ट्रके, टीपर चलते हैं, जिससे सड़क जर्जर हो रही और हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। अवैध खनन और परिवहन को लेकर स्थानीय ग्रामीण कई बार वन और खनिज विभाग के अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं।

### मुलमुला परिक्षेत्र के वनों में भंडारण और उड़ीसा तक हो रहा परिवहन




#### प्रशासनिक लापरवाही भी उजागर

अवैध खनन और परिवहन पर विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ता और समाजसेवी इस पर चिंता जताते हुए कहते हैं कि अवैध रेत खनन से ना ही केवल नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि यह राज्य के खनन नियमों का उल्लंघन भी है साथ ही रात को ट्रकों की आवाजाही से हादसे के खतरे भी है। जब प्रशासन को इस गंभीर मामले के बारे में जानकारी दी जाती है, तो अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मामले को टालमटोल करते हैं। अवैध खदान होने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है,यह दावा है समाजसेवी और पर्यावरण कार्यकर्ताओं का है। जिला खनिज अधिकारी गौतम नेताम ने विभाग में स्टाफ की कमी की वजह से कार्रवाई करने से असमर्थता जता रहे हैं। वहीं उन्होंने नारंगी नदी से अवैध रेत खनन, परिवहन की बात स्वीकारी है। वहीं कलेक्टर कुणाल दुदावत का कहना है

## सर्चिंग गश्त से वापस आ रहे सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाने के फिराक में थे

# पांच-पांच किलोग्राम के 2 आईईडी बरामद, तीन माओवादी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

डीआरजी नारायणपुर, कोण्डागांव, एवं जगदलपुर की संयुक्त टीम नक्सल गश्त सर्चिंग पर ग्राम कुमुरादी की ओर रवाना हुए थे। गश्त सर्चिंग वापसी के दौरान मकसोली के पास सड़क के किनारे आईईडी लगे होने के आशंका पर थाना धनोरा को सूचित किया गया। आसपास की घेराबंदी डीआरजी द्वारा की गई। थाना प्रभारी सूचना प्राप्त होने पर बीडीएस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करने पर 4 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर लखमा राम कोर्राम पिता स्व. मुरा राम उम्र 26 वर्ष साकिन आसनार, सामलाल वड्डे पिता आयतु राम उम्र 20 वर्ष, लच्छु राम वड्डे पिता स्व. चमरू राम उम्र 30 वर्ष साकिन कोड़पार गोमागाल एवं 4. विधि से संघर्षरत बालक का होना पाया गया जिसके कब्जे से 1 नग कुकर आईईडी वजनी करीबन 5 किग्रा, 2 नग डेटोनटर सहित, नक्सली पर्चा, बैटरी सेल 24 नग बरामद हुआ।

- नेलनार एरिया कमेटी मिलिशिया सदस्य के रूप में रहे सक्रिय
- वर्ष 2025 में अब तक 18 से अधिक नक्सली आईईडी हो चुके बरामद बरामद किया जा चुका है

संदेहियों से मनोवैज्ञानिक तरीके व बारीकी से पूछताछ करने पर बताये है कि कुछ दिन पहले नक्सली सुखलाल, पण्डी, रामा, रैनू बली एवं अन्य 2-4 माओवादी काडेपारा आकर मीटिंग लिये थे। सुरक्षा बल को नुकसान पहुँचाने की नीयत 2 नग कुकुर बम, बैटरी, नक्सली पर्चा दिये थे। जिसमें से एक कुकर प्रेसर आईईडी को ग्राम मकसोली आगे माड़ के पास कच्ची सड़क किनारे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाये थे टेकरी जंगल में छिपकर बैठे थे। ये आरोपियों को सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया और साथ में एक कुकर आईईडी बरामद किया गया।

#### गिरफ्तार आरोपी

1. लखमा राम कोर्राम पिता स्व. मुरा राम उम्र 26 वर्ष साकिन आसनार थाना ओरछा जिला नारायणपुर(छ.ग.)
2. सामलाल वड्डे पिता आयतु राम उम्र 20 वर्ष साकिन कोड़पार गोमागाल थाना ओरछा जिला नारायणपुर(छ.ग.)
3. लच्छु राम वड्डे पिता स्व. चमरू राम उम्र 30 वर्ष साकिन कोड़पार गोमागाल थाना ओरछा जिला नारायणपुर (छ.ग.)

#### आपराधिक प्रकरण

01. थाना धनोरा अपराध क्रमांक-02/2025 धारा 61 3(5) बीएनएस 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम।




#### कई वारदातों में थे शामिल

संदेहियों ने मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करना, पुलिस कैम्प, सड़क और अन्य विकास कार्यों का विरोध करना, रोड काटकर आवागमन बाधित करना, नक्सली बैनर लगाना, नक्सली के साथ से मेल-जोल रखना, नक्सलियों का बाजार से सामग्री पहुंचाना, गांव में रहकर नक्सलियों के लिए राशन एकत्रित करना बताया।

#### किया गया निष्क्रिय

बरामद 2 नग कुकर आईईडी का वजन लगभग 5-5 कि.ग्रा. का था जिसे सुरक्षा बलों द्वारा बीडीएस टीम की मदद से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया गया। जिस संबंध में थाना धनोरा में धारा 61, 3(5) बीएनएस 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। आरोपियों द्वारा जुर्म कुबुल करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### सुरक्षा बलों को सर्चिंग के दौरान गट्टाकाल जंगल रास्ते में मिला कुकर प्रेसर आईईडी

**नारायणपुर।** माओवादियों के लगाए गए आईईडी विस्फोट की घटना से हो रहे नुकसान को देखते हुए क्षेत्र में बमों को खोजने के लिए बीडीएस टीम को अगल-अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद कराया जा रहा। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा जिला नारायणपुर थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प मोहंदी से जिला पुलिस बल एवं 53वीं वाहिनी आईटीबीपी व बीडीएस के संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम गट्टाकाल एवं आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। सुरक्षा बलों ने गट्टाकाल के जंगल पहाड़ी रास्ते में आईईडी लगने की आशंका होने पर बीडीएस टीम द्वारा सावधानीपूर्वक सर्च करने पर 1 नग कुकर आईईडी वजनी लगभग 5 किग्रा बरामद किया गया।



**किया गया निष्क्रिय :** सुरक्षात्मक मानकों का पालन करते हुए उक्त बरामद आईईडी को निष्क्रिय किया गया। माओवादियों द्वारा उक्त आईईडी को सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था। वर्ष 2025 में अब तक कुल 16 से अधिक आईईडी जब्त किया गया है।

## तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला हुई आयोजित



**फरसगांव।** वनधन केंद्र फरसगांव में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य वर्ष 2025 के संबंध में उप वनमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें फरसगांव एवं बड़ेडोंगर परिक्षेत्र में स्थित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति फरसगांव, भुमका, लंजोडा, बडेडोंगर, देवगांव, चिंगनार और फुंडेर के समस्त प्रबंधक, नोडल अधिकारी और फड़ मुंशीगण उपस्थित रहे।

- कार्यशाला में खरीदी के संबंध में दी गई आवश्यक जानकारी

कार्यशाला में उप वन मंडलाधिकारी फरसगांव टीआर मरई, आईएफएस (प्रशिक्षु) गौतम पढ़ीहार परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव, नरेन्द्र मेश्राम बड़ेडोंगर परिक्षेत्र अधिकारी, आरएस यादव परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव की उपस्थिति विशेष रूप से रहे। कार्यशाला में अधिकारियों के द्वारा उपस्थित प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों, फड़ मुंशीयों एवं फड़ अभिरक्षकों को तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से संबंधित समस्त कार्यों के संबंध में उनके उत्तरदायित्वों को सही रुप में निष्ठापूर्वक पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

ठेकेदारी प्रथा बंद, सरकारी तरीके से होगी खरीदी - एसडीओ

फरसगांव फारेस्ट एसडीओ टीआर मरई ने बताया फरसगांव उप वनमण्डल अंतर्गत 7 वनोपज समितियां हैं। उन समितियों के सदस्यों के लिए तेंदूपत्ता संग्रहन कार्य के सम्बन्ध में प्रशिक्षण व कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य तेंदूपत्ता संग्रहण करने को लेकर था। उन्हें बताया गया कि किस तरह संग्रहण और खरीदी की जाएगा जिसके बारे में बताया गया। वहीं उन्होंने बताया कि राज्य शासन के आदेश अनुसार इस बार ठेकेदारी प्रथा से खरीदी नहीं होगी खरीदी की प्रक्रिया बदल दी गई है, इस बार सरकारी तरीके से तेंदूपत्ता खरीदी की जाएगी। शासकीय कर्मचारी की तेंदूपत्ता खरीदी करेंगे और समिति के सदस्य शामिल रहेंगे। कुछ दिनों बाद तेंदू पत्ता की खरीदी शुरू हो जाएगा।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान फरसगांव बड़ेडोंगर के समस्त पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक, फड़ मुंशी, डिप्टी रेंजर गजेंद्र नाइक, यशवंत नायक, द्वारिका नाईक, सुशीला नेताम, डोमार सिंह नेताम, मानसिंह, पवन नाग, मोहन पुजारी, मोहनलाल नाग, गुदराम मरकाम, भूपेंद्र नाग,

## मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में आगामी 05 वर्ष 2028–29 तक वृद्धि किया गया है। साथ ही पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रें में 02 करोड़ आवास निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ में नये आवास सर्वेक्षण को शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए मोर दुआर–साय सरकार महाअभियान के तहत 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिन हितग्राहियों का नाम पूर्व में छूट गया है उन्हें लाभान्वित करने के लिए आवास प्लस 2.0 सर्वे का कार्य जिले में प्रारंभ हो गया है।

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए विशेष पखवाड़ा शुरू
- वे व्यक्ति जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक आसिंचित भूमि न हो होंगे पात्र



शासन द्वारा पात्रता के लिए मापदण्ड में भी संशोधन कर शिथिल किया गया है। जिसके अनुसार जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया, चौपहिया वाहन न हो, मशीनीकृत तिपहिया, चौपहिया कृषि उपकरण न हो, 50,000 रुपए या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड न हो, वे परिवार, जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर–कृषि उद्यम वाले परिवार न हो, वे परिवार, जिनका कोई सदस्य 15 हजार रूपये से अधिक प्रतिमाह न कमा रहा हो, आयकर देने वाले परिवार न हो, व्यवसाय 'कर' देने वाले परिवार न हो, वे परिवार, जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि न हो तथा वे परिवार, जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक आसिंचित भूमि न हो, वे व्यक्ति पात्र होंगे।

## जिपं सदस्य ने जन्मदिन पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**फरसगांव।** कोंडागांव जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष जयलाल नाग ने बुधवार को अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम बड़ेडोंगर स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर पर पूजा-पाठ व दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं व अपने समर्थको के साथ मिलकर फरसगांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल, दूध, नमकीन, बिस्किट, मिष्ठान का वितरण किया गया।



जयलाल नाग हर वर्ष अपने जन्मदिन को सरकारी अस्पतालों पर जाकर गरीब और असहाय लोगों के बीच मनाते हैं और सभी लोगों को प्रेरित करते हैं कि जन्मदिन के अवसर पर आप सभी भी जरूरतमंद लोगों की मदद करें ऐसा करने से उन्हें शांति और समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती रहती है। जयलाल नाग ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनकी समस्याओं को सुना एवं मरीजों से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या है तो तुरंत अवगत कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, हुकुम शेट्टी, बुधसन, छगेंद्र सिन्हा, मनीष निर्मलकर, तीजू मंडावी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तेंदूपत्ता बोनस की मांग को लेकर डीएफओ कार्यालय का घेराव

**सुकमा।** पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर एसीबी व ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के विरोध में सुकमा में विरोध प्रदर्शन जारी है। बुधवार को कार्रवाई के खिलाफ व तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके मेहनत का पैसा देने की मांग को लेकर बस्तर राज मोर्चा ने डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। घेराव को कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन दिया। मनीष कुंजाम के समर्थक व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में सरकार के मंत्री व भाजपा नेताओं के शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया। राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीओ आरएस वेट्टी को सौंपा गया और जल्द से जल्द तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस की राशि उपलब्ध कराने की मांग की। डीएफओ घेराव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई। इस अवसर पर बीआरएम के संयोजक व पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, माहेश्वरी बघेल, रामा सोढ़ी, शेख सज्जार, महेश कुंजाम, राजेश नाग, आराधना मरकाम, शेख औलिया समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस व बीआरएम के कार्यकर्ता मौजूद रहे। घेराव से पहले बीआरएम व कांग्रेस पार्टी ने संयुक्त रूप से बस स्टैण्ड परिसर में धरना दिया। इस दौरान बीआरएम व कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर राजनीतिक षड्यंत्र पूर्वक छापेमारी करने का आरोप लगाया।

## हड़ताल के 30 वें दिन भी पंचायत सचिवों का हड़ताल जारी

# हड़ताल स्थल में शोकसभा कर मृत पंचायत सचिव को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रदेश भर के पंचायत सचिव अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों का बुधवार को 30 बर दिन भी हड़ताल जारी है। क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान तीसरे दिन कोरबा जिले के ग्राम उड़ता निवासी व ग्राम कूटेलामुंडा पंचायत के सचिव राजकुमार कश्यप की हड़ताल स्थल पर तबियत बिगड़ी, जिन्हें तत्काल उपचार हेतु पाली के निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हड़ताल स्थल पर उपस्थित पंचायत सचिवों ने शोकसभा कर कोरबा जिले के मृत सचिव राजकुमार कश्यप की आत्मा की शांति प्रदान कर दो मिनट का धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



सचिवों के द्वारा अपनी मांग को पूरा करवाने हर दिन अलग अलग तरीकों से प्रदर्शन कर मांग को पूरा करने कहा जा रहा है। वही एक महीना बीतने को है और सरकार ने अभी तक मांग को पूरा नहीं किया गया है। पंचायत सचिवों के द्वारा जनपद स्तर पर 13 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल पर है। वहीं आज 30 वें दिन भी उनकी हड़ताल जारी है।

#### सचिव के मौत की जिम्मेदार है छत्तीसगढ़ शासनः भारद्वाज

पंचायत सचिव संघ के प्रदेश संयोजक मोहन भारद्वाज ने बताया कि कोरबा जिले में हड़ताल के दौरान पंचायत सचिव की मौत हुई घटना सचिवों के लिए बहुत दुखद है। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी छग सरकार सोई हुई है। हमारी एक सूत्रीय मांग को लेकर हम विगत कई वर्षों से शासकीकरण की मांग के लिए लड़ रहे हैं। हमारा हड़ताल एक महीना होने को हैं लेकिन सरकार हमारी मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। इस बार हमने आर पार की लड़ाई लड़ने की ठान ली है। और हम सरकार को इस बार झुका कर रहेंगे और शासकीयकरण को लेके रहेंगे। सरकार ने जो हमारे ऊपर जो भी कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं उससे हम घबराने वाले नहीं है। इस बार आर पार की लड़ाई होगी। हमारी रूप रेखा बन गई है। हम प्रदेश नहीं, रायपुर नहीं बल्कि दिल्ली के जंतर मंतर में जा कर प्रदर्शन करेंगे।मंगलवार को हड़ताल के दौरान कोरबा जिले के पंचायत सचिव राजकुमार कश्यप की मौत हुई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम सरकार को मानते है। हमारा सचिव साथी अपने हक की लड़ाई लड़ते शाहिद हुए।

## पेज 11 के शेष

### पुल निर्माण में...

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिंकू सहारे, मंडल उपाध्यक्ष मोहन हुपेंडी, महिला मोर्चा अध्यक्ष लच्छेश्वरी सहारे, पुर्व जनपद सदस्य रीना बघेल, सरपंच जागेश्वर पुजारी उपसरपंच अजय साहू वार्ड पंच दुलसा पटेल, इंदर पटेल, धनाजु कोवाची, क्षमा दुग्गा, गणेश नेगी देव सिंह पोटाई, दीपक आचले निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

### ईडी के दुरुपयोग...

कि नाकाम साबित होगी। ईडी की यह कार्यवाही लोकतांत्रिक विपक्ष के विचारों पर सीधा हमला है, विपक्ष के आवाज को दबाने का प्रयास है। यह कार्यवाही बदले की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। इस अवसर पर तरेंद्र भंडारी, यासीन कराणी, सरजू शोरी, मनोज जैन, गफ्फार मेमन, लोमेन्द्र यादव, मुकेश तिवारी, दीपक शोरी, खोमेन्द्र उईके, किसन साहू आदि उपस्थित रहे।

### शादी में युवक...

जुर्री ने पुलिस को बताया कि मैं पण्डरीपानी से कुरूटोला शादी में शामिल होने गया था। कुरूटोला के आवासपारा से 16 अप्रैल को सुबह लगभग 5 बजें कुरूटोला के खासपारा में कविता कांगे को घर छोड़ने जा रहा था। उसी दरम्यान बीच में ही रास्ता रोककर ग्राम कुरूटोला के अशोक केमरो, अजय कांगे व अन्य लड़को द्वारा हाथ-मुक्के व लाठी से मारपीट किया गया, जिससे मेरे आंख में और पीठ पर गंभीर चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अशोक केमरो, अजय कांगे व अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### भुईगांव में रेत...

से रेत को निकालकर हाईवा में लोड किया जा रहा था। भुईगांव में रेत तस्करों की मनमानी के चलते ग्रामीण बेहद परेशान हैं और प्रशासन से कई बार खदान बंद कराने की मांग भी कर चुके हैं। ग्रामीणों की बात खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन को समझ में नहीं आई, इसके उपरांत यह मामला प्रमुखता से हरिभूमि व अन्य मीडिया में आने के उपरांत स्थानरीय प्रशासन हरकत में आया और आनन फानन मे खदान पर पहुँचकर कार्यवाही कर दिया।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा और गीदम को मिली स्कूल बस

**सुकमा।** शिक्षा को सुगम और सुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा एवं गीदम के सरस्वती शिशु मंदिरों को स्कूल बस की सौगात दी है। यह बसें कलेक्टर सीएसआर मद से प्रदत्त की गई हैं, जो रायपुर स्थित सरस्वती शिक्षण संस्थान की मांग पर स्वीकृत की गईं। दक्षिण बस्तर के सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इन क्षेत्रों में अब तक यातायात की सुविधा की भारी कमी रही है। मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल से अब यह बाधा दूर होगी और बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर एक नया मार्ग मिलेगा। बस वितरण के अवसर पर सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज देव, व्यवस्थापक पीके दास, सह-व्यवस्थापक एवं रक्तमित्र जसराज जैन, प्राचार्या किरण दुबे सहित समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे।

### केदार कश्यप ने दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा की माता जुगोबाई दुग्गा का 9 अप्रैल को निधन हो गया। इस पर वन मंत्री केदार कश्यप सोमवार को नारायणपुर जिले के ग्राम पालकी (चेचनपारा) में पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसडीओ योगेश कुमार रात्रे, देवलाल दुग्गा, रेंजर प्रकाश ठाकुर, देवेन्द्र सिंह वर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी आदि शामिल रहे।

## निधन

### विशाखा पटेल

**जगदलपुर।** शहर से सटे ग्राम भाटागुड़ा निवासी भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज पटेल को पुत्री शोक से भाजपा में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पुत्री विशाखा पटेल कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उसका उपचार रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर 3 बजे अंतिम सांस ली। विशाखा का मृत काया मंगलवार देर रात गृह निवास ग्राम भाटागुड़ा लाया गया। अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह 9 बजे भाटागुड़ा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे माता-पिता व दादा परमानन्द पटेल, दादी व एक भाई छोड़ गई।



### रघुराज दास

**जगदलपुर।** शहर से 8 किमी दूर ग्राम गारावण्ड निवासी शासकीय सेवक व उत्कल ब्राम्हण समाज के रघुराज दास (61) का मंगलवार को निधन हो गया। वे शिक्षा विभाग में बकावण्ड ब्लाक के चितालुर में लिपिक के रूप में पदस्थ थे। मंगलवार की सुबह एकाएक तबियत बिगड़ने से उन्हें महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। चिकित्सकों के मुताबिक उन्हें हृदयाघात होने से निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार गारावन्द स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे पत्रकार अनूप दास के पिता थे।



### मत्स्य कृषकों से संवाद, योजनाओं की दी जानकारी

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : मटीयारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटीयारा ने बीजापुर जिले का एक दिवसीय दौरा किया, जिसमें उन्होंने मत्स्य पालकों और कृषकों के साथ गहन संवाद किया तथा क्षेत्र में संचालित मत्स्य पालन से जुड़ी गतिविधियों का स्थलीय

- मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटीयारा का बीजापुर दौरा

निरीक्षण किया। उनके दौरे को मछुआ समुदाय के बीच उम्मीदों की नई किरण के रूप में देखा जा रहा है।

दौरे की शुरुआत जिला पंचायत बीजापुर के सभा गृह में आयोजित संगोष्ठी से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में मत्स्य कृषकों और किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर भरत मटीयारा ने किसानों को राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन और कृषि क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध है, और मछुआ समुदाय की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज राज्य की आर्थिक रीढ़ है और इनके उत्थान के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन को कृषि का सहयोगी व्यवसाय मानते हुए इसके विकास के लिए नई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे मत्स्य पालकों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुँचे। कोतापाल बोरजे सिंचाई तालाब का फील्ड विजिट-सभा के पश्चात श्री मटीयारा ने कोतापाल बोरजे स्थित सिंचाई तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की स्थिति, जल स्त्रोत, मत्स्य बीज की उपलब्धता, तथा वर्तमान में पालन किए जा रहे मत्स्यों की प्रजातियों की जानकारी ली। स्थानीय मछुआरों ने उन्हें अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। नवीन मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र व फिश फार्म का अवलोकन- इसके बाद अध्यक्ष नैमेड़ पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवीन मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र और फिश फार्म का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने मत्स्य बीज उत्पादन की प्रक्रिया को देखा और अधिकारियों से इसकी गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता, वितरण प्रणाली और किसान लाभान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने इस केंद्र को भविष्य में जिले के लिए एक माडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य कृषकों ने भी सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की विजिट से उन्हें न केवल प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि योजनाओं की सही जानकारी और समाधान भी मिलते हैं।

### सोलर शिक्षा और उसके महत्व विषय पर परिचर्चा



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावांगा में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा महाविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन सोलर शिक्षा और उसके महत्व विषय पर किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में जय नारायण सिंह बस्तरिया सचिव वान्या फील्ड ऑफिस एवं होमस्टे मझार पारा बालोद विकासखंड दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ थे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में सरकार की नीतियों, पी एम सूर्य घर योजना, ऑन लाइन आवेदन की प्रक्रिया, आम जीवन में प्रयोग में आने वाले सोलर ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताते हुए समाज के लिए अति उपयोगी निरूपित किया। भविष्य में सोलर सिस्टम देश की समृद्धि के लिए अति उपयोगी सिद्ध होगा अतः हम सबको सोलर शिक्षा की अधिक से अधिक जानकारी होना आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुए उक्त परिचर्चा में छात्र छात्राओं में जागरूकता लाने हेतु सोलर ऊर्जा की उपयोगिता के संदर्भ में सारगर्भित व्याख्यान दिया।

## विधायक ने पानी टैंकर की पूजा कर ग्रामीणों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

विधायक चैतराम अटामी बारसूर में सोनादई माता के दरबार पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और प्रति वर्ष की भांति आयोजित पारंपरिक मेले में शामिल हुए। सोनादई माता मंदिर में विधायक निधि द्वारा प्रदत्त पानी टैंकर की पूजा कर विधायक चैतराम अटामी ने मंदिर परिसर में ग्रामीणों को सौंपा।

इसके पश्चात विधायक चैतराम अटामी नागफनी मंदिर पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और नागफनी मंदिर में भी विधायक निधि से प्रदत्त पानी टैंकर की पूजा कर मंदिर में ग्रामीणों को सौंपा। विधायक ने कहा की पेयजल उपलब्ध कराना सबसे जरूरी मुलभुत सुविधा है और यह प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी भी है, इसके लिए हम सब संकल्पबद्ध है साथ ही विधायक ने पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता से क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, वरिष्ठ समाज सेविका बुधरी ताती, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगत पुजारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला मंत्री जसवीर नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष बैसू मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, नगर पालिका उपाध्यक्ष बारसूर दिनेश्वरी मांझी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गीदम अंति वेक, विधायक प्रतिनिधि राजेश, सरपंच छिंदनार संध्या शुक्ला समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया ऑपरेशन थिएटर, सोनोग्राफी एम्बुलेंस और बस सेवा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

आज जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने ऑपरेशन थिएटर, सोनोग्राफी एम्बुलेंस सेवा तथा जीएनएम सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं के लिए बस सेवा का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

गौरतलब है कि तीन माह पूर्व संक्रमण के चलते जिला चिकित्सालय का ऑपरेशन थिएटर अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिससे मरीजों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा था। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सतत मेहनत से ऑपरेशन थिएटर को पुनः शुरू किया जा सका है। उन्होंने इस प्रयास के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। इसके साथ ही सोनोग्राफी एम्बुलेंस सेवा का भी इस अवसर पर शुभारंभ किया गया, जो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं जरूरतमंदों को घर-घर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। ज्ञात हो कि पूर्व में ग्रामीणों को दूर-दराज के स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सोनोग्राफी करवानी पड़ती थी, परंतु अब इस सेवा के माध्यम से उन्हें राहत मिलेगी। इस प्रकार कारली में स्थित जीएनएम सेंटर में प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को जिला चिकित्सालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने हेतु एक बस सेवा भी शुरू की गई है। जिससे उन्हें जिला चिकित्सालय और जीएनएम सेंटर आने जाने सुविधा होगी। मौके पर विधायक ने स्वयं बस चलाकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### संकुल समन्वयकों का बीईओ और बीआरसी ने लिया बैठक



**बस्तर।** बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के संकुल समन्वयकों का बीईओ शालिनी तिवारी एवं बीआरसी पीलाराम सिन्हा ने बैठक लिया। नीव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक किया गया। बीईओ शालिनी तिवारी एफएलएन की लक्ष्य दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए नीव बहुभाषी कार्यक्रम लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन अकादमिक रूप से सहयोग किया जा रहा है, जिसमें संकुल समन्वयक के साथ संयुक्त विजिट कर कक्षा अवलोकन, कक्षा कक्ष में चल रही शिक्षण प्रक्रियाओं के बारे में संकुल समन्वयकों से अनुभव को लेकर बातचीत की। साथ ही कक्षा कक्ष में चल रही गतिविधि, बच्चों के परिणाम पर विशेष जोर देने की बात कहीं। बीआरसी पीलाराम सिंह ने शिक्षण सामग्री के उपयोगिता को आगामी सत्र में विशेष महत्व देने की बात कही। लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के ब्लॉक अकादमिक समन्वयक गंगा प्रसाद कश्यप एवं टिकेश्वर सोनवंशी, मनीष नेताम के द्वारा विस्तार से बिंदुवार चर्चा किया गया।

## जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में पंचायत से संबंधित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता पूरन सिंह मौर्य ने की।

सभा का आरंभ ग्रामसभा की पूर्व बैठक में डॉ. बीआर अंबेडकर के छाया चित्र में पुष्पांजलि अर्पित किया गया, जिसमें उनके क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात पंचायत के विगत तिमाही के आय-व्यय विवरण को प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया गया। पिछली छःमाही में पंचायत द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें प्रत्येक कार्य का नाम, स्वीकृत राशि, प्राप्त राशि, व्यय राशि एवं वर्तमान स्थिति का वाचन किया गया। पंचायत सदस्यों ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का सुझाव दिया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत रोजगार की मांग एवं उपलब्ध कराए गए रोजगार की समीक्षा की गई। साथ ही योजना के अंतर्गत क्रियाशील एवं प्रस्तावित कार्यों की सूची का वाचन किया गया। सामाजिक सहायता योजनाओं जैसे वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया एवं सत्यापन की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा जरूरतमंदों को वितरित खाद्यान्न एवं लाभार्थियों की सूची ग्रामसभा में प्रस्तुत की गई। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधनों का अवलोकन किया गया।

### हायर सेकंडरी स्कूल छिंदबहार में मनाया गया अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

विकासखण्ड दरभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर विद्यालय छिंदबहार की एनएसएस इकाई द्वारा 14 अप्रैल को प्राचार्य बुधराम कश्यप के मार्गदर्शन में भीमराव अंबेडर जयंती का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेकडर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य बुधराम कश्यप ने बाबा साहब अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब विषम परिस्थितियों में भी कभी हार न मानते हुए, सादा जीवन उच्च विचार रखते हुए और उनके द्वारा भारत देश के लिए संविधान लिख दिए और हर नागरिकों के लिए स्वतंत्रता और समानता जैसे सभी महत्वपूर्ण अधिकार दे दिए हैं। आगे उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी लोगों को बाबा साहब के आदर्शों को जानने के लिए उनके जीवनी का नियमित अध्ययन करना चाहिए। आगे बच्चों को कहा कि आप लोगों को अवसर मिला है तो नियमित स्कूल आएं और विद्या अध्ययन करें। साथ ही उनके द्वारा बच्चों के सामने यह घोषणा किया गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश पर भी विद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु अलग से कोचिंग दिया जाएगा ताकि बच्चे भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकें। व्याख्याता मनोहर सिंह बरनाला ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष से अवगत कराते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

एन एसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी द्वारा बच्चों को बाबा साहब का उदाहरण देते हुए शिक्षा के महत्व को बताया गया। अंत में अम्बेडकर जयंती पर सर्वश्रेष्ठ विचार रखने हेतु देवनाथ मौर्य, विकास मौर्य, आशीष बघेल,पार्वती चिंगपांजी, यशोदा, अंकिता, मुकेश को पुरस्कृत किया गया।

# किरंदुल परियोजना को 8 पुरस्कारों से नवाजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

समारोह 2024-25 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह नया रायपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीयुष नारायण शर्मा मुख्य खान नियंत्रक एवं महानियंत्रक प्रभारी भारतीय खान ब्यूरो नागपुर, विशिष्ट अतिथि पंकज कुलश्रेष्ठ मुख्य खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो नागपुर, वाईजी काले खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो नागपुर एवं प्रेम प्रकाश क्षेत्रीय खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो रायपुर एवं संरक्षक एमईएमसीडब्ल्यू समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न 50 से अधिक खदानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। 8वें खान, पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2024-25 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स की ओर से एसके कोचर महाप्रबंधक खनन, सुशांत रामटेके उप महाप्रबंधक खनन, अवनीश शर्मा सहा. महाप्रबंधक पर्यावरण एवं देवोव्रत सरकार, उप प्रबंधक भू-विज्ञान ने पुरस्कार ग्रहण किये।

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को खान, पर्यावरण तथा खनिज संरक्षण हेतु किये सराहनीय कार्यो के लिए 8 पुरस्कारो से नवाजा गया जो, इस प्रकार है। प्रचार एवं प्रसार 14 एमएल को प्रथम पुरस्कार, माइनिंग बेनेफिसिएशन 14 एमएल को तृतीय, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास 11 एमएल को द्वितीय, सतत विकास 14 एमएल को तृतीय, वेस्ट डंप प्रबंधन 14 एनएमजेड को प्रथम, सतत विकास 14 एनएमजेड को प्रथम, समग्र प्रदर्शन 14 एनएमजेड को प्रथम, प्रचार एवं प्रसार 14 एमएनजेड को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति और अधिक जागरूक होकर उत्पादन के लक्ष्य प्राप्ति हेतु अपनी शुभकामनाएं दी।

## वन विभाग में नवीन कार्यालय का उद्घाटन कर रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली




वन विभाग बचेली रेंज में आकर्षक नवीन कार्यालय का उद्धघाटन हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ मंगलवार को दंतेवाड़ा डीएफओ डॉ. सागर जाधव ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बचेली वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडव, बचेली थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव, मलिक मोहितसिंन कुरैशी एजीएम एनएमडीसी बचेली, जिला पत्रकार संघ के सदस्य दुर्जन सिंह, यशवंत रामटेके, फकरे आलम, विश्वजीत सरकार, पिंकु, पंकज भदौरिया ने कई प्रकार के फलदार वृक्षों का रोपण किया। इनके साथ विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों भी वन विभाग कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण किया गया।

बचेली वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडव ने कहा कि पौधरोपण करना आसान है लेकिन उसकी देखभाल करना अतिआवश्यक है।

उन्होंने का कोई भी अधिकारी, जनप्रतिनिधि या नागरिक पौधारोपण करता है तो उसकी संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए, जिससे पौधा बड़ा होकर पेड़ का रूप धारण कर सकें।

# नगर पंचायत में प्रधानपाठक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर/भोंड



बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला बागबाहर नगर पंचायत बस्तर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नरेंद्र नाथ जोशी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर भावनाओं से भरपूर और सम्मान से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक मनोज सिंह, प्राचार्य सेजेस बस्तर, नेहरू ठाकुर प्रधानपाठक, करलाकोंटा, संकुल समन्वयक विष्णु यादव, अरुण मिश्रा, संदीप वर्गीस, विजय ध्रुव, मंगल राम भारद्वाज, अनंत राम बघेल, गोमती यादव सहित संकुल के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

समारोह में वक्ताओं ने नरेन्द्र नाथ जोशी के शैक्षणिक योगदान, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को भावभीनी श्रद्धांजलि के रूप में याद किया। उन्होंने बताया कि जोशी एक प्रेरणास्त्रोत शिक्षक रहे हैं, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी ने सहभागिता कर इस अविस्मरणीय क्षण को यादगार बना दिया।



## खबर संक्षेप

### नानक दरबार में हुआ सालगिरह पर लंगर

**चारामा।** सिक्ख और सिंधी समाज इस पावन अवसर को बड़े ही धूम-धाम से मनाया। श्री नानक दरबार की 25 वीं सालगिरह एवं नवनिर्मित दरबार और लंगर हाल का इनोग्रेशन शुभारम्भ 16 अप्रैल को किया गया। सुबह 10 बजे पवित्र श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति यानि भोग साहिब, साढ़े 10 बजे से 1 बजे तक कीर्तन, आशीर्वचन और अरदास, दोपहर 1 बजे से आम लंगर हुआ। उक्त जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चारामा के अध्यक्ष शिव कुमार जोतवानी और पूज्य सिंधी समाज के अध्यक्ष नारायण दास पंजवानी ने दिया।

### मुख्यमंत्री से विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्थानीय सर्किट हाउस में मंगलवार देर शाम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा की, जहां पर उनसे विभिन्न समाज, संगठन और समिति के प्रतिनिधि मंडलों ने सौजन्य भेंट कर अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया।

सर्किट हाउस परिसर में मुख्यमंत्री ने माहरा समाज, विश्वकर्मा समाज, कंवर समाज के प्रमुखजनों को क्रमशः आमंत्रित कर उनकी मांगें सुनीं।

**समीक्षा : मुख्यमंत्री ने संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कांकेर जिले की सराहना की**

# नक्सलवाद के खात्मे के साथ रोजगारमूलक व सृजनात्मक कार्य बेहद जरूरी: सीएम विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन 16 अप्रैल को बस्तर संभाग के कांकेर सहित सभी सातों जिलों की योजनावार समीक्षा किया। इस दौरान

- बस्तर प्रवास के दूसरे दिन संभाग के कांकेर सहित सभी सातों जिलों की योजनावार समीक्षा की

आयुष्मान कार्ड, आधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युतीकरण, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, एफआरए पट्टा, नियद नेल्लानार सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा मुख्यमंत्री ने कर जानकारी ली। कतिपय योजनाओं में बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की सराहना किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्र के सतत सहयोग से बस्तर अब लाल आतंक से मुक्त होने जा रहा है। नक्सलवाद के समूल समाप्ति के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर ओलंपिक, बस्तर पण्डुम जैसे आयोजनों में काफी तादाद में युवाओं की सहभागिता बताती है कि यहां के लोग माओवाद से मुक्ति चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मार्च 2026 के बाद सभी जिलों में रोजगारमूलक सृजनात्मक कार्यों पर फोकस किया जाएगा, यह बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बस्तर कमिश्नर सहित सभी कलेक्टरों को इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। जगदलपुर के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कांकेर जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने पीपीटी के माध्यम से दिया। जानकारी देते हुए बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 93 प्रतिशत की उपलब्धि रही। इसी तरह लक्ष्य के विरुद्ध आधार कार्ड बनाने के मामले में 99 प्रतिशत, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 69.52 प्रतिशत, हाउस होल्ड विद्युतीकरण में 100 प्रतिशत, केसीसी निर्माण में 97 प्रतिशत, किसान सम्मान निधि योजना में 83 फीसदी, एफआरए पट्टा वितरण के मामले में शत प्रतिशत उपलब्धि कांकेर जिले ने हासिल किया। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एजेंडावार योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी लिया।

**समीक्षा बैठक में यह रहे उपस्थित**

आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पीसीसीएफ श्रीनिवास राव, बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह, आईजी पुलिस, सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्यम समूह की 298 महिलाओं ने सीखी मशरुम उत्पादन की तकनीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

उद्योगिनी एवं ओरेकल प्रोजेक्ट के सहयोग से पिछले 3-4 वर्षों से उद्यम समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन और क्षमता वर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम के समूह की महिलाओं को मशरूम उत्पादन करने और आजीविका में वृद्धि करने की तकनीकी जानकारी प्रदान करना है। महिला समूह को संस्था के सहयोग से पिछले 3- 4 वर्षों से मशरुम बीज और प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे समूह कि महिलाओं के आजीविका और आर्थिक स्थिति मे बदलाव आ रहा है।

वर्ष 2024-25 में अब तक जिले में कुल 39 ग्रामों के 298 महिलाओं को 514 किलों मशरूम बीज का सहयोग किया गया है, जिसमें महिलाओं के द्वारा 2827 किलों मशरूम उत्पादन कर 439 किलों स्वयं उपयोग कर 2388 किलों मशरूम को 200 रूपए प्रति किलों की दर से बाजार में 4 लाख 77 हजार 600 रूपए की बिक्री किया जा चुका है। अब तक जिले के कुल 72 स्व सहायता समूह की दीदिया इस दिशा में आगे कदम बढ़ा चुकी है। संस्था का उद्देश्य है कि जिले के सभी समूह की महिलाओं को कम जगह में कम खर्चो में नई तकनिकी से आजीविका गतिविधि जैसे मशरूम खेती, लाख उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, ग्राम स्तर के उद्योग इत्यादि के बारे में जागरूक करके उनकी आर्थिक स्थिति को स्थाई रूप से मजबूत बनाया जा सके। इन गतिविधी को संचालित करने के लिए उद्योगिनी जिला कार्यालय एवं बिहान, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों व अधिकारियों का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है।

## सरगुजा आयुक्त ने मावा मोदोल लाइब्रेरी का निरीक्षणकर की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



लाइब्रेरी ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है यह छात्रों, शोधकर्ताओं सहित सभी लोगों को ज्ञान प्राप्त करने, सीखने और पढ़ाई करने का एक अच्छा व्यवस्थित और शांत माहौल प्रदान करता है। इसी उद्देश्य के साथ मावा मोदोल लाइब्रेरी दुर्गुकोंदल की स्थापना की गई है जो कि क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने बेहतर साधन साबित हो रहा है। जहां तेजी से विद्यार्थी पंजीकृत होकर अध्ययन का लाभ उठा रहे हैं।

सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा द्वारा मावा मोदोल लाइब्रेरी दुर्गुकोंदल का निरीक्षण किया गया तथा नीट यूपीएससी, सीजीपीएससी की तैयारी कर रहे यशिका गायकवाड, आयुष, सरिता ठाकुर एवं किशन नरेटी से बातचीत कर तैयारी की जानकारी ली एवं अपने अनुभव साझा कर सुझाव प्रदान किया। उन्होंने लाइब्रेरी का अवलोकन कर बहुत ही प्रसन्नता जाहिर की एवं कहा की इससे क्षेत्र के लोगों विशेषकर विद्यार्थियों और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को काफी सहायता मिलेगी। यह समाज को शिक्षा से जोड़ने का उत्कृष्ट सराहनीय प्रयास है। उनके द्वारा लाइब्रेरी की पुस्तकों, उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया गया और साथ ही वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरा एवं एसी की व्यवस्था करने जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे से बात की। इस दौरान उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे भी मौजूद रहे। मावा मोदोल लाइब्रेरी दुर्गुकोंदल के नोडल अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने अवगत कराया की लाइब्रेरी में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित श्रेष्ठ पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है, जिसका लाभ अध्यनरत विद्यार्थी ले रहे हैं और साथ ही क्षेत्र में लाइब्रेरी की लोकप्रियता के कारण ही कई सामग्रियां एवं राशि प्राप्त हो रही है, जिसमें शिक्षक शंकर दास नागवंशी द्वारा स्टेशनरी, ओम प्रकाश उयके, योगेश मरकाम, श्याम सिंह नेगी द्वारा एक-एक हजार की राशि गुप्त दानदाताओं द्वारा 3500 की राशि और मटका एवं वॉटर जार प्रदान कियर गया है। इसमें से राशि का उपयोग जिओ फाइबर इंटरनेट लगाने में एवं अन्य संसाधनों के रखरखाव पर उपयोग की जा रही है और साथ ही उन्होंने अपील की है कि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग पंजीयन कर अध्ययन का लाभ उठाएं। लाइब्रेरी के बेहतर संचालन के लिए सहायक के रूप में राजकुमार चंद्राकर, योगेश्वर मरकाम, थानेंद्र बहादुर नागवंशी, कौशल जैन ,नरेंद्र साहू, राजेश कुर्रे, शत्रुघ्न नेताम की नियुक्ति की गई है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो घायल, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोरर थानांतर्गत तुएगहन के शीतला मंदिर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक में सवार दो युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बाईक में सवार दोनो युवको चोट आई, जिन्हे ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

सड़क दुर्घटना की शिकायत करने पहुंचे तुएगहन निवासी 41 वर्षीय श्रवण कुमार उसेंडी पिता फुलसिंह उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 9 अप्रैल को सतीश शोरी के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5450 से मेरा भाई कन्हैया उसेंडी और सतीश शोरी दोनो साथ मे ग्राम तुएगहन से हाटकर्रा शादी कार्यक्रम सम्मिलित होने जा रहे थे। यह लोग अपने मोटर सायकल में थे और मै उनके पीछे अपने मोटर सायकल से हाटकर्रा के शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहा था। रात करीबन 8 बजे शीतला मंदिर पास पहुँचे थे, उसी समय हाटकर्रा की ओर से एक अज्ञात वाहन सामने से मेरे भाई व सतीश मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरा भाई व कन्हैया उसेंडी दोनो मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गए। सामने से आ रही अज्ञात वाहन चालक तुरंत वहां से भाग गया। रात होने से मै अज्ञात वाहन का नम्बर व चालक को नही पहचान पाया। अज्ञात वाहन चालक द्वारा ठोकर मारने से मेरे भाई के पैर व सतीश शोरी के पैर में और शरीर के अन्य हिस्सों चोटे लगी। घायलो को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला अस्पताल रिफर किया गया। आरोपी अज्ञात वाहन चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से दोनो सायकल सहित रोड पर गिर गए व उनको चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## भानुप्रतापपुर शासकीय अस्पताल में गंदगी से मरीज व परिजन बेहाल, प्रबंधन है मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर








भानुप्रतापपुर का एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी

- संक्रमण शिशु और माता के लिए जानलेवा, एवं जच्चा बच्चा वार्ड में विशेष ध्यान देना जरूरी

अव्यवस्थाओं के लिए मशहूर होता जा रहा है। प्रतिदिन कुछ न कुछ शिकायते मरीजों से सुनने मिलती रहती है। आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण भानुप्रतापपुर के शासकीय अस्पताल के भरोसे रहते है, पर यहां की बदहाल व्यवस्था से सभी परेशान रहते है। कुछ दिन पहले लापरवाही से शिशु की मौत भी हो चुकी है पर अस्पताल में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

नगरवासियों का कहना है यह बस रेफर सेंटर बनकर रह गया है। गंभीर स्थिति में भानुप्रतापपुर से बाहर जाना पड़ता है, यहां कोई व्यवस्था नहीं है। अभी की स्थिति में अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद अस्पताल में गंदगी का अंबार लगा है व मरीज और उनके परिजन बदहाल सफाई व्यवस्था से परेशान हैं। भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालात इतनी खराब हैं कि अस्पताल में हर तरफ गंदगी है, जिससे मरीज और उनके परिजन बेहद परेशान हैं। सरकार और प्रशासन हर महीने सफाई और सुरक्षा पर खर्च करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रसूति वार्ड में महिलाओं को शौचालय में सफाई ना होने से परेशानी हो रही है, उनको वार्ड से दूर जाना पड़ता है, जबकि प्रसूति वार्ड को स्वक्छ रखना अति आवश्यक है। संक्रमण शिशु और माता के लिए जानलेवा साबित हो सकती है एवं जच्चा बच्चा वार्ड में विशेष ध्यान देना चाहिए। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से कुछ दिन पहले है दो शिशु की जान जा चुकी है पर स्वास्थ्य विभाग अभी भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। कचरे के ढेर से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है वार्डों में धूल की परत जमी हुई है। टॉयलेट्स में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और कूड़ेदान कचरे से भरे हुए हैं। इतना ही नहीं कई जगहों पर पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुधारने के लिए क्षेत्र की जनता की जनप्रतिनिधियों से भी उम्मीद ख़त्म होती जा रही है। विशेष अनुभवी चिकित्सको की अति आवश्यकता है एवं प्रबंधन को ठीक करने की आवश्यकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएमओ डॉ अखिलेश ध्रुव से शिकायत मिलने पर समस्याओं के बारे में जानकारी ली जाती है तो उनका कहना था की अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी के साथ साथ विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का भी मुझे प्रभारी बनाया गया है। यह कहकर उनके द्वारा हमेशा असमर्थता जताई जाती हैं।

## मजदूर परिवहन समिति में फूट, दोनों गुटों ने किया एक - दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल





मीवान स्टील्स हाहालद्दी के मजदूर और परिवहन समिति दो गुट में बंट गए हैं और दोनों ही गुट एक दूसरे के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। इस कारण बजरंग माइंस और मीवान स्टील्स में परिवहन कार्य बंद है और ट्रक मालिक सहित ड्राइवर, हेल्पर हाथ धरे बैठे हुए हैं।

मीवान स्टील्स के मजदूर मजदूरी कार्य के साथ परिवहन समिति बनाकर परिवहन कार्य भी कर रहे हैं। कंपनी ने पहले मजदूरी कार्य पर रखा, फिर परिवहन समिति बनने के बाद 40 प्रतिशत रेश्यो भी दिया। इसके उपरांत मीवान स्टील्स प्रबंधन ने समिति को 2 ट्रक अतिरिक्त परिवहन कार्य भी दिया, जिसे लेकर परिवहन समिति में आपसी तकरार बढ़ गई। हाहालद्दी गांव के मजदूर ट्रक मालिक 2 ट्रिप को अपना हक बता रहे हैं, जबकि ग्राम दोड़दे निवासी इसे सभी प्रभावित गांव के हिस्सेदारी बता रहे हैं। इसी बात को लेकर आपस में विवाद बढ़ गया और और परिवहन समिति के सदस्य और पदाधिकारी दो गुट में बंट गए हैं। पिछले एक हफ्ते अपने अपने बात को लेकर अड़े हुए हैं और बजरंग माइंस और मीवान स्टील्स माइंस में परिवहन कार्य नहीं होने दे रहे हैं। पुलिस, तहसीलदार, एसडीएम, कंपनी के अधिकारी भी पहल नहीं कर पाए और कार्य को चालू नहीं करवा पाएं। हाहालद्दी के ग्रामीण अब अपनी मांग बदल दिए। ग्रामीण अब 2 ट्रिप को छोड़कर अब पुलिया निर्माण, सीसी सड़क निर्माण, पक्की नाली निर्माण की मांग, फसल क्षति पूर्ति, मजदूर बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। मीवान स्टील्स माइंस मार्ग और मंदिर मार्ग पर धरने पर बैठे ग्रामीण उत्तम सिन्हा, छबिलाल जाड़े, जीवन सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, अनिल सिन्हा, पूरन सिन्हा, धन्ना सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, लोकेश नरेटी ने बताया कि मीवान स्टील्स कंपनी झूठ बोलती है। पक्की नाली निर्माण, सीसी सड़क, मजदूर बढ़ाने सहित कई आश्वासन दिए थे। हमने लड़ाई शुरू किया है, हम जीतकर रहेंगे। मीवान स्टील्स के मजदूर, परिवहन समिति के सदस्य, ग्राम दोड़दे के ग्रामीण राजकुमार नेताम, फुलसिंग नेताम, रामदयाल तुलावी, सुरूज नेताम ने बताया कि ग्राम हाहालद्दी के ग्रामीण विकास कार्य, मजदूर बढ़ाने, नाली की मांग कर बहानाबाजी कर रहे हैं, सिर्फ लड़ाई कंपनी से मिलने वाली 2ट्रीप की है, इसलिए धरने पर बैठे हैं। हाहालद्दी के ग्रामीण इसे अपना बता रहे हैं, हम सभी एक थे, एक रहकर कार्य कर रहे थे, पर ट्रीप की लड़ाई धरना प्रदर्शन में बदल गई। इन्होंने कहा कि हाहालद्दी के ग्रामीण मीवान स्टील्स हाहालद्दी मंदिर मार्ग से हटेंगे, तभी हम बजरंग माइंस मार्ग से धरना प्रदर्शन समाप्त करेंगे।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लिखा सीएम को पत्र

**जगदलपुर।** पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने अन्य पिछड़ा वर्ग में कृमि लेयर और नान कृमि लेयर का स्पष्ट निर्धारण के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्र लिखा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने गत 8 अप्रैल को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव से मुलाकात कर उक्त समस्या को अवगत कराया था। बताया गया कि जाति प्रमाण पत्र बनाते समय स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में ओबीसी में क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर को लेकर भ्रांति व्याप्त है जिसके कारण जो व्यक्ति नॉन क्रीमीलेयर में आना चाहिए।

## पीएम आवासों के लिए सर्वे प्रारंभ, 28-29 तक योजना की अवधि बढ़ी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेश में मोर दुआर-साय सरकार महाभियान प्रारंभ किया गया है। 15 दिवसीय यह अभियान आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का मकान की सुविधा उपलब्ध कराना है। जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का विस्तार 2028-29 तक कर दिया गया है। जिन पात्र हितग्राहियों का नाम 2011 के सर्वे एवं 1018 के सर्वे में नाम छूट गया है, ऐसे पात्र हितग्राहियों का सर्वे का कार्य जिले में प्रारंभ किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वे किया जाएगा, इसके लिए ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रों प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया है। सर्वे से अगर कोई पात्र परिवार छूट जाता है तो अपने ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्र से सम्पर्क करके अपना सर्वे कार्य पूरा करवा सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वे के लिए पात्र हितग्राही के पास मोटरयुक्त तिपहिया एवं चौपहिया वाहन नहीं होना चाहिए। मशीनीकृत तिपहिया, चौपहिया कृषि उपकरण न हो, हितग्राही के पास 50 हजार अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड न हो। इसके अलावा वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो तथा सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार न हो। ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार रूपए से अधिक प्रतिमाह न कमा रहा हो, आयकर एवं व्यवसाय कर देने वाले परिवार न हो। जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि न हो तथा 05 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि न हो। ऐसे हितग्राहियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कुंभकार समाज का जिला अधिवेशन संबलपुर में हुआ



**भानुप्रतापपुर।** कुंभकार समाज का जिला स्तरीय अधिवेशन कार्यक्रम संबलपुर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी और अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने किया। साथ ही जिला सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे ,माखन प्रजापति, तरूण प्रजापति, चैतीबाई रावटे, अनिता रावटे, नरोत्तम चौहान, भीखम आरदे, रमल कोराम, लक्ष्मण कुलदीप, जनपद सदस्य गिरिजा देवी साहू, सुनील बबला पाढ़ी, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, गोपी बढ़ाई, देवेन्द्र टेकाम, हेमलाल कौशिक, सोहन चक्रधारी, नरोत्तम चौहान, निकेश ठाकुर, गौरव चोपड़ा, निकेश ठाकुर, रवि साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।



स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
02 जून 2025
10 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411